RAF SECTOR
NEWS CLIP
02/05/2023

TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

Amarujala, Kushinagar, (UP)

पुलिस के साथ आरएएफ ने किया पैदल मार्च

अमर भारती ब्यूरो।

जटहां बजार,कुशीनगर। नगर पंचायतों व नगर निकायों के होने जा रहे चुनाव के मद्देनजर पूरे जनपद में शान्ति व सुरक्षा व्यवस्था बहाली के परिप्रेक्ष्य में सोमवार को जटहा बाजार थाने की पुलिस के साथ आरएएफ के जवानों ने फ्लैग मार्च कर उपद्रवियों को शख्त कानून का संदेश दिया है। जनपद में होने जा रहे नगर निकायों व नगर पंचायतों के चुनाव के मद्दे नजर क्षेत्रों में शान्ति व सुरक्षा व्यवस्था चुस्त दुरुस्त रहने हेतु 91 वीं आरएएफ कमाण्डेन्ट अमिताभ कुमार के नेतृत्व में सहायक कमाण्डेन्ट गौतम कुमार व के साथ जटहा बाजार थाने के पुलिस जवानों ने सोमवार को थाना क्षेत्र के संवेदनशील इलाकों का भ्रमण करते हुए उपद्रवी तत्वों को शख्त कानून के तहत कार्रवाई किये जाने का स्पष्ट संकेत दे दिया जिससे

● पुलिस बल ने जटहा बाजार थाना क्षेत्र के संवेदनशील इलाकों में किया भ्रमण

जनपद में शान्ति व्यवस्था बनी रहे। संयुक्त रूप से एसओ जटहा बाजार राजकुमार बरवार व आरएएफ कमाण्डेन्ट के साथ निकले फ्लैग मार्च का भ्रमण क्षेत्र के जटहा बाजार बाजार, जरार, किन्नर पट्टी, भैरोगंज, विशुनपुरा, हिरनही , पड़री पिपरपांती, सोनवल ,मन्साछापर, चिरगोड़ा , हंसना आदि क्षेत्रों में किया गया। इस फ्लैग मार्च में पुलिस ने संवेदनशील इलाकों व उपद्रव फैलाने वाले अराजक तत्वों के सम्बंध में भी आवश्यक जानकारियाँ ली और कानून के साथ खिलवाड़ करने वालों के साथ शख्ती से निपटे जाने की भी पुलिस द्वारा हिदायत दी गयी। इस मौके पर आयुष यादव, इंद्रभान, उमेश यादव, पंचम यादव, अरविन्द कुमार, अरुण यादव थाने के सभी पुलिस कर्मी उपस्थित रहे।

Kurukshetra Samachar, Kushinagar, (UP)

नगर निकाय चुनाव के तहत नगर में हुआ रूट मार्च

कुशीनगर,कुरुक्षेत्र समाचार संवाद। स्थानीय पुलिस और रैपिड एक्शन फोर्स के संयुक्त तत्वाधान में रविवार को अलग अलग थानों के एसएचओ के साथ रूट मार्च किया गया। लोगों को सुरक्षा का अहसास दिलाते हुए शांतिपूर्ण माहौल में मतदान करने का अपील भी किया गया। हनुमानगंज थाना तथा खड्डा थाना अंतर्गत थाना परिसर से निकले रूट मार्च में शामिल पुलिस कर्मी और रैपिड एक्शन फोर्स के जवान नगर में शांति व्यवस्था कायम रखने तथा लोगो से सतर्कता बरतने की अपील किए। एसएचओ हनुमानगंज राम सहाय चौहान ने रैपिड एक्शन फोर्स के साथ नगर में भ्रमण कर लोगो से अफवाह पर ध्यान न देने का आग्रह करते हुए शासन प्रशासन के कार्यों में मदद करने का निवेदन किए। वही एसएचओ खड्डा अमित शर्मा ने लोगो को सुरक्षा का भरोसा दिलाते हुए नगर निकाय चुनाव में शांति व्यवस्था बनाए रखने का आग्रह किए। इस मौके पर आर ए एफ के कंपनी कमांडर चंदन रॉय ने कहा कि लोगो की सुरक्षा हमारा प्रथम कर्तव्य है तथा शासन प्रशासन के कार्यों में अराजकता फैलाने वालों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही की जाएगी।

Dainik Jagran, Chandauli, (UP)

रूट मार्च कर दिलाया सुरक्षा का भरोसा

पटहेरवा में रूट मार्च करती रैपिड एक्शन फोर्स व पटहेरवा पुलिस। संवाद

पटहेरवा। स्थानीय पुलिस और रैपिड एक्शन फोर्स ने शनिवार को कस्बे में रूट मार्च किया गया। लोगों को सुरक्षा का अहसास दिलाते हुए शांतिपूर्ण माहौल में मतदान करने की अपील की।

पटहेरवा थाना परिसर से निकले रूट मार्च में शामिल पुलिस कर्मी और रैपिड एक्शन फोर्स के जवान पटहेरिया चौराहा पहुंचा। इसके बाद कस्बा क्षेत्र के मोहल्लों में भ्रमण कर लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया।

इंस्पेक्टर उमेश कुमार सिंह ने चेताया कि समाज में शांति व्यवस्था भंग करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान रैपिड एक्शन फोर्स के इंस्पेक्टर अजीत कुमार, मोहन वर्मा, ब्रजेश, अमिताभ कुमार, गौतम कुमार आदि मौजूद रहे। संवाद

Amarujala, Kushinagar, (UP)

नगर पंचायत चुनाव को लेकर निकाला फ्लैग मार्च

शकुन टाइम्स संवाददाता

(प्रभात सिंह) चंदौली। अलीनगर थाना क्षेत्र में होने वाले नगर पंचायत के चुनाव को देखते हुए अलीनगर पुलिस व क्षेत्रअधिकारी के नेतृत्व में रैपिड एक्शन फोर्स के सिपाहियों ने क्षेत्र में पैदल फ्लैग मार्च कर क्षेत्र में शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव संपन्न कराने की लोगों से अपील की। बताया जा रहा है कि जिले में शांतिपूर्वक सकुशल चुनाव संपन्न कराने के लिए पुलिस ने अपने स्तर से तैयारियां की हैं, लेकिन इसके बीच-बीच में इस तरह की गतिविधियों को आयोजित करके लोगों को संदेश देने की कोशिश की जाती है। वही रविवार को अलीनगर थाने से पैदल गस्त और फ्लैग मार्च कार्यक्रम शुरू किया गया था।

जिसमें क्षेत्राधिकारी कृष्ण मुरारी व अलीनगर थाना प्रभारी शेषधर पाण्डेय व थाने की फोर्स के साथ ही साथ 91वीं आरएएफ के उपकमांडेंट डीके सिंह, सहायक कमांडेंट सरोज कुमार के नेतृत्व में अलीनगर के नगर पंचायत चुनाव को देखते हुए पैदल गस्त किया गया।

इस दौरान आरएएफ के जवानों में पुरुष द्रुत कार्य बल के 120 जवानों द्वारा नगर पंचायत क्षेत्र में फ्लैग मार्च किया गया। अलीनगर थाने से फ्लैग मार्च शुरू होकर अलीनगर मेन बाजार, के साथ-साथ सारे नगर भ्रमण करते हुए अलीनगर की जामा मस्जिद होते हुए अलीनगर थाने पर जाकर संपन्न हुआ।

सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।